डाक/ई-मेल

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
उर्दू निदेशालय

कार्यालय आदेश

का०आ०सं०–उ०नि०–02–14 / 2025...54.../ **पटना, दिनांक–...09-03-26...**

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना के पत्रांक–4160 / आ०, दिनांक–03.12.2024 (विज्ञापन संख्या–01 / 19) के आधार पर अनुशंसित अभ्यर्थियों को उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के अधीन सहायक उर्दू अनुवादक के पद पर विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–42, सहपठित ज्ञापांक–203, दिनांक–13.03.2025, आदेश संख्या–99, सहपठित ज्ञापांक–661, दिनांक–28.05.2025, आदेश संख्या–100, सहपठित ज्ञापांक–662, दिनांक–28.05.2025 एवं आदेश संख्या–376, सहपठित ज्ञापांक–2096, दिनांक–03.12.2025 द्वारा नियुक्त / पदस्थापित करते हुए अपने पदस्थापन कार्यालय में एक माह के अन्दर योगदान करने का निदेश दिया गया था। तत्पश्चात् कतिपय नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों द्वारा योगदान अवधि विस्तार करने का अनुरोध किया गया, जिसे समय–समय पर विभाग द्वारा विस्तारित भी किया गया। साथ ही विभागीय आदेश संख्या–247, सहपठित ज्ञापांक–1623, दिनांक–23.09.2025 द्वारा सामूहिक रूप से दिनांक–10.10.2025 तक के लिए योगदान अवधि विस्तारित किया गया था।

2. विज्ञापन संख्या–01 / 19 के आलोक में उपर्युक्त विभागीय आदेशों द्वारा नियुक्त वैसे सहायक उर्दू अनुवादक, जिनके द्वारा नियुक्ति के पश्चात् अबतक योगदान समर्पित नहीं किया गया है, उन्हें अपने पदस्थापन कार्यालय में योगदान समर्पित करने हेतु अंतिम रूप से दिनांक–31.03.2026 तक के लिए योगदान अवधि को विस्तारित किया जाता है।

3. उक्त निर्धारित तिथि तक योगदान नहीं करने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि संबंधित नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादक योगदान करने हेतु इच्छुक नहीं हैं तथा उक्त पद को रिक्त समझा जायेगा।

4. इसमें अपर मुख्य सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

9/3/26

(एस०एम० परवेज़ आलम)
अपर सचिव–सह–निदेशक।

ज्ञाप संख्या :–उ०नि०–02–14 / 2025...470.../ **पटना, दिनांक–...09-03-26...**

प्रतिलिपि :– संबंधित नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों, जिनके द्वारा अबतक अपने पदस्थापन कार्यालय में योगदान समर्पित नहीं किया गया है को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। उन्हें निदेश दिया जाता है कि निर्धारित समय के अन्दर (दि०–31.03.2026 तक) अपना योगदान पदस्थापन कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– सभी कार्यवाह सहायक / बजट शाखा, उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

कृ०पृ०उ०...........

प्रतिलिपि :– आई०टी० मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संबंधित अंचल पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संबंधित ज़िला पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– महालेखाकार, वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

09/3/26

(एस०एम० परवेज़ आलम)
अपर सचिव–सह–निदेशक।